ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु गृह कार्य

विषय : हिन्दी        कक्षा : आठवीं

**सामान्य निर्देशः-**

1. सभी कार्य रुचि पूर्वक करें। आपका सभी कार्य विषय के अनुरूप एवं पठनीय होना चाहिए।
2. सभी कार्य स्क्रैप नोट बुक में करें।

क) निबंध लेखन (शब्द सीमा 200 शब्द)।

दुर्लभ होता अच्छा मित्र        अथवा        सत्संगति का महत्त्व

ख) पत्र लेखन ▶

झुग्गी झोपड़ी बस्ती में सामान्य सुविधाओं को जुटाने की प्रार्थना करते हुए दिल्ली नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखें।

ग) लेखन एंव रिकॉर्डिंग ▶ कम से कम पाँच ऐसे व्यक्तियों का साक्षात्कार लो, जो सफल हुए। अथवा

किसी समसामयिक विषय पर साक्षात्कार को सुनें एवं रिकार्ड करें, बाद में उसे संवाद रूप में लिख कर प्रस्तुत करें।

घ) याद करने का कार्यः-

**मुहावरे**:- चाँदी का जूता, घाव हरा होना, घी के दिए जलाना, काला अक्षर भैंस बराबर, किताबी कीड़ा, खाक छानना, गांठ बाँधना, कलई खुलना, छक्के छुटाना, जान हथेली पर रखना, तिल का ताड़ बनाना, जी चुराना, ठोकरे खाना, टेढ़ी खीर, चूड़िया पहनना, छप्पर फाड़ कर देना, दाल न गलना, दाँत खट्टे करना, चोली दामन का साथ, खरी खोटी सुनाना।

**लोकोक्तियाँ** :- उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे, अपनी गली में तो कुत्ता भी शेर होता है, अंधेर नगरी चौपट राजा, एक म्यान में दो तलवार नहीं समा सकतीं, काठ की हंडिया एक बार ही चढ़ती है, खोदा पहाड निकली चुहिया, आमों की कमाई नींबू में गँवाई, चोर की दाढ़ी में तिनका, जो गरजते हैं वे बरसते नहीं, जिसकी लाठी उसकी भैंस, नाच न जाने आँगन टेढ़ा, नौ दिन चले अढ़ाई कोस, दूर के ढोल सुहावने, मुँह में राम बगल में छुरी, साँवन हरो न भादों सूखे, सिर मुड़ाते ही ओले पड़ने, होनहार बिरवान के होत चीकने पात।

**सामानार्थक शब्द**:- दो-दो सामानार्थक शब्द लिखिएः-

अग्नि, अश्व, अंधकार, अनुपम, अतिथि, गणेश, चतुर, जंगल, दुख, धन, धरती, पत्ता, फूल, प्रकाश, स्त्री, समूह, सिंह, राजा, लक्ष्मी, मनुष्य।

**विलोम शब्द**:- अमृत, अपना, आशा, उदार, उतार, उर्वर, क्षणिक, चर, देव, धनी, पक्ष, मित्र, मानव, बंधन, पाप, निरक्षर, धीर, दाता, तरुण, जन्म।

**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द**:- जिसे जाना न जा सके, जिसका जन्म अभी अभी हुआ हो, जिसकी कोई उपमा न हो, जिसकी आने की तिथि न हो, जो विधि के विरुद्ध हो, जिसका वर्णन न किया जा सकें, जो बात पहले कभी न हुई हो, जो कभी बूढ़ा न हो, उद्‌योग से संबंधित, अतिथि का सतकार, जीने की प्रबल इच्छा, जो दूसरों से ईर्ष्या रखता हो, दो सप्ताह में होने वाला, वर्ष में होने वाला, जो सब कुछ जानता हो, जो हाथ से लिखा हो, जिसका कोई आकार न हो, जो सहन न किया जा सके, जो पहले पढ़ा न हो, जो बिना वेतन काम करे।

ङ) पढ़ो और रिपोर्ट तैयार करोः- हिन्दी समाचार पत्र पढ़ो, उसकी 10 कटिंग(चित्र सहित) काटो और उस पर स्वतः अपने विचार लिखो।

च) 'भारत एक खोज' पूरक पुस्तिका पढ़कर एक प्रश्नोत्तरी बनाओ [50 प्रश्न]